# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

# बाँदा–(उ०प्र०)

# प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक: 08.01.2019

स्थान: सिविल सर्विसेज इंस्टीट्यूट,
राजभवन कालोनी, लखनऊ

Scanned by CamScanner

**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बाँदा की प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक माननीय प्राविधिक शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2019 को सिविल सर्विसेज इंस्टीट्यूट, राजभवन कॉलोनी, लखनऊ में सम्पन्न हुयी जिसका उपस्थिति विवरण निम्न है:—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री आशुतोष टण्डन<br>माननीय मंत्री<br>प्राविधिक शिक्षा, उ० प्र० शासन लखनऊ | अध्यक्ष |
| 2. | श्री भुवनेश कुमार<br>सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ० प्र० शासन लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो० विनय कुमार पाठक<br>मा० कुलपति,<br>डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | श्री आर० सी० राजपूत<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा उ० प्र०, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो० जे०पी० सैनी<br>मा० कुलपति,<br>एन०एस०यू०टी०, नई दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो० राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक,<br>एम०एन०एन०आई०टी० इलाहाबाद। | सदस्य |
| 7. | प्रो० एच०के० पालीवाल<br>निदेशक,<br>आई०ई०टी० लखनऊ। | सदस्य |
| 8. | प्रो० देवेन्द्र मोहन<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई०आई०टी० बी०एच०यू०, वाराणसी। | सदस्य |
| 10. | प्रो० डी०एल० परमार<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एच०बी०टी०यू० कानपुर। | सदस्य |
| 11. | श्री विनोद कुमार,<br>(सी०टी०ओ० बाँदा एवं वित्त अधिकारी, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा)<br>नमित प्रतिनिधि, सचिव, वित्त विभाग, उ० प्र० शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 12. | श्री सरोज कुमार<br>विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | विशेष आमंत्री |
| 13. | श्री अवध किशोर<br>उप सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन। | विशेष आमंत्री |
| 14. | श्री नितिन गुप्ता<br>अनुभाग अधिकारी,<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1<br>उत्तर प्रदेश शासन। | विशेष आमंत्री |
| 15. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा। | सदस्य सचिव |

Scanned by CamScanner

| मद संख्या | मद का विवरण |
|---|---|
| 03:01 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक–15.09.2016 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक–15.09.2016 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुयी है। सूचना से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टीकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 03:02 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक–15.09.2016 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा संतोष व्यक्त किया। |
| 03:03 | **संस्थान की वित्त समिति की आहूत बैठकों के कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की वित्त समिति की सातवीं बैठक दिनांक 23.08.2017 तथा आठवीं बैठक दिनांक 04.06.2018 के कार्यवृत्तों से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 03:04 | **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की आहूत बैठकों के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने तथा अनुमोदन के सम्बन्ध में।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की केन्द्रीय क्रय समिति की बैठकों दिनांक 05.12.2017 एवं 02.11.2018 के कार्यवृत्तों से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 03:05 | **संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति पर अनुमोदन।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा के निदेशक पद पर दिनांक 19.01.2018 को प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल, प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई०ई०टी० लखनऊ की नियुक्ति की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 03:06 | **प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना व अनुमोदन।**<br>शासन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद में तकनीकी शिक्षा के निम्न तीन उत्कृष्ट सदस्यों के नामांकन की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुईः–<br>1. प्रो० एच० के० पालीवाल<br>निदेशक, आई०ई०टी० लखनऊ।<br>2. प्रो० देवेन्द्र मोहन<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई०आई०टी० बी०एच०यू० वाराणसी।<br>3. प्रो० राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक, एम०एन०एन०आई०टी० इलाहाबाद।<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद में अन्य पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति के प्रख्यात शिक्षाविदों के रूप में क्रमशः निम्न के |

Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | लिये नियत मानदेय पर संविदात्मक आधार पर नामांकन/ चयन किये जाने हेतु विज्ञापन आदि की कार्यवाही किये जाने का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा में ग्रेड पे 4600/– अथवा अधिक के सृजित व रिक्त पदों के सापेक्ष गैर–शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन किये जाने का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 03:22 | **संस्थान में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की न्यूनतम आवश्यकताओं के आधार पर सेवा प्रदाता के माध्यम से रखे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना।**<br>प्रशासकीय परिषद द्वारा वर्तमान सेवा प्रदाता की अनुबंध अवधि समाप्ति के पश्चात् अनुबंध की अवधि विस्तारित न करने के निर्देश देते हुये संस्थान द्वारा प्रस्तावित अपट्रान पावरट्रानिक्स लि० को संस्थान के नये मानव सेवा प्रदाता के रूप में अनुमोदन प्रदान किया गया। शासनादेश संख्या 4/ 2018/ आर०जी०–1021/ दस/ 2018–मित०–1/ 2017 दिनांक 18–09–2018 के क्रम में आउटसोर्सिंग से जनशक्तियां लिये जाने हेतु वित्त विभाग की सहमति लिये जाने हेतु पत्र शासन को भेजने के निर्देश दिये गये। |
| 03:23 | **संस्थान में शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना में शिशिक्षु प्रशिक्षार्थियों को रखे जाने, मानदेय दिये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा में शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना में संस्थान के कुल अधिकारी, कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी की कुल संख्या का 10 प्रतिशत की सीमा में शिशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रस्ताव से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया।<br>इस योजना में प्रशिक्षार्थियों को भुगतान किये जाने वाले मानदेय की धनराशि का 25 प्रतिशत अधिकतम रु०1500 प्रतिमाह हर तिमाही प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा संस्थान को प्रतिपूर्ति किये जाने के संबंध में भी प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 03:24 | **संस्थान को वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर बनाये जाने से अवगत कराना।**<br>आई०आई०टी० कानपुर द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा को वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर बनाये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 03:25 | **TEQIP-III के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में अवगत कराना।**<br>विश्व बैंक पोषित तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तृतीय चरण (TEQIP-III) के अन्तर्गत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा द्वारा बनाये गये Institutional Development Plan; NPIU से किये गये एम०ओ०यू०; TEQIP-III के अंतर्गत PFMS के माध्यम से भुगतान हेतु एक नया बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा–अतर्रा, बाँदा में खोले जाने; संस्थान द्वारा अब तक बनायी गयी एवं NPIU को भेजी गयी समस्त तिमाही कार्य योजनाओं; TEQIP-III के अंतर्गत PMSS पोर्टल पर अपलोड किये गये प्रोक्योरमेंट प्लान; प्रोक्योरमेंट प्लान में प्रस्तावित संशोधनों; संस्थान में TEQIP-III सेल के गठन हेतु 03 संविदा पदों पर की गई नियुक्तियों; अब तक किये गये क्रय; ली गयी सेवाओं; आई०ओ०सी० में हुये व्यय; एकेडेमिक गतिविधियों इत्यादि से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया।<br>दिनांक 28 सितम्बर 2018 से NPIU द्वारा संस्थानों को TEQIP-III की गतिविधियों हेतु धन आवंटन में अनिश्चितता; NPIU से प्राप्त ई–मेल दिनांक 11.10.2018, 07.12.2018 व 31.12.2018 के माध्यम से संस्थानों को TEQIP-III की गतिविधियों हेतु उनके अपने |

Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 03:33 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।**<br>**1. TEQIP-III के अंतर्गत प्राप्त निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा निर्धारित स्वरूप में प्रशासकीय परिषद के गठन पर विचार एवं अनुमोदन।**<br>मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा TEQIP-III के लिये की गयी अपेक्षा के क्रम में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग के स्थान पर किसी शिक्षाविद/उद्योगविद को राज्य सरकार द्वारा 02 वर्ष की अवधि के लिये नामित किये जाने विषयक प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।<br><br>**2. संस्थान के निम्नलिखित मदों हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा पाँच सदस्यीय समिति गठित किये जाने के संबंध में अनुमोदन।**<br>प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध में एकसमान नीति/ दिशा निर्देश बनाने हेतु एक समिति गठित करने के लिये शासन से अनुरोध करने हेतु निर्देशित किया गयाः<br><br>**(क) राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा के ऐसे छात्रों, जिन्हें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, के द्वारा पूर्व वर्षों में संस्थान में फीस न जमा कराये जाने से उत्पन्न समस्या के लिये जिम्मेदारी निर्धारित करने, समस्या के कारणों एवं उनके निवारणों के संबंध में**<br><br>**(ख) विभिन्न संस्थानों की प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों की बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु सदस्यों/ बाह्य सदस्यों को दिये जाने वाले मानदेय की एकरूपता निर्धारित किये जाने के संबंध में**<br><br>**(ग) संस्थान द्वारा फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम अथवा इसी प्रकार की अन्य योजनाओं में फैकल्टी सदस्यों के प्रतिभाग किये जाने हेतु एकसमान नीति/ दिशा निर्देश निर्धारित किये जाने के संबंध में**<br><br>**(घ) उत्तर प्रदेश के विभिन्न राजकीय संस्थानों की परीक्षण तथा परामर्शी (टेस्टिंग एंड कन्सलटेन्सी) नियमावली में एकरूपता लाने एवं कार्पस फण्ड/ इनडाउमेंट फण्ड की नियमावली बनाने के संबंध में** |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुयी।

| | | |
|---|---|---|
| **(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)**<br>**सदस्य–सचिव**<br>**प्रशासकीय परिषद**<br>**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज**<br>**बाँदा** | **(श्री भुवनेश कुमार, आई०ए०एस०)**<br>**उपाध्यक्ष**<br>**प्रशासकीय परिषद**<br>**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज**<br>**बाँदा** | **(श्री आशुतोष टण्डन "गोपाल जी")**<br>**अध्यक्ष**<br>**प्रशासकीय परिषद**<br>**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज**<br>**बाँदा** |

Scanned by CamScanner